भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2775

जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 13 अगस्त, 2015 को दिया जाना है

निदेशक के 100 पदों की रिक्तियां

2775. श्री डी० राजा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सार्वजनिक क्षेत्र की 32 कम्पनियों में स्वतंत्र निदेशक के 100 से भी अधिक पद रिक्त पड़े हैं जिन्हें काफी लम्बे समय से भरा जाना शेष है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कम्पनी-वार ब्यौरा क्या है तथा ये पद कब से खाली हैं;

(ग) क्या निदेशक के खाली पड़े पद इन कम्पनियों के कार्यकरण को प्रभावित कर रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन रिक्तियों को भरने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (घ): भारी उद्योग विभाग (डीएचआई) के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र की 31 कम्पनियों में स्वतंत्र निदेशक के 38 पद रिक्त पड़े हैं। रिक्तियों का कंपनी-वार ब्यौरा संलग्न है। कंपनियां कार्यात्मक, स्वतंत्र और सरकारी निदेशकों की मौजूदा व्यवस्था के साथ कार्य कर रही हैं। विभाग ने स्वतंत्र निदेशकों के रिक्त पदों को भरने के लिए प्रस्ताव प्रक्रिया के अनुसार सक्षम प्राधिकारियों को भेज दिए हैं।

अनुबंध

भारी उद्योग विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में स्वतंत्र निदेशकों का ब्यौरा।

क्र.सं.	केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम का नाम	रिक्त पद	रिक्ति की तारीख/टिप्पणी
1-2	भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड /बीएचईएल-इलेक्ट्रिकल्स मशीन्स लिमिटेड (सहायक कंपनी)	6	21.06.2012 (2 पद), 11.11.2012, 29.05.2013, 11.11.2013, 09.03.2014
3-4	एन्ड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड / हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड (सहायक कंपनी)	6	20.07.2009,29.06.2009,27.07.2010, 05.11.2010, 16.01.2011, 31.03.2011
5	ब्रेथवेट बर्न एंड जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	1	भारत भारी उद्योग निगम लिमिटेड का दिनांक 10.07.2015 को बीबीजे में विलय
6	ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड	2	07.10.2013, 10.07.2014
7	हेवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड	1	नए सृजित पद
8	हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड	1	08.10.2013
9	हिन्दुस्तान पेपर्स कंपनी लिमिटेड	1	16.10.2011
10	नेपा लिमिटेड	1	08.08.2014
11	भारत पंप्स एंड कंप्रेसर्स कंपनी लिमिटेड	0	
12	सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	2	09.09.2013 (2 पद)
13	इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड	2	फरवरी 2010 और मई 2010
14	हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड	1	पहली बार भरे जा रहे हैं।
15	सांभर साल्ट्स लिमिटेड	1	
16	एचएमटी (इंटरनेशनल) लिमिटेड	0	
17	एचएमटी लिमिटेड	2	2010 से
18	एचएमटी (मशीन टूल्स) लिमिटेड	2	2010 से
19	इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड	2	01.09.2014 (2 पद)
20	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक एंड इंस्ट्रूमेन्ट्स लिमिटेड	2	अक्टूबर, 2008 (2 पद)
21	रिचर्डसन एंड क्रूडास लिमिटेड	2	1 इस्तीफा दिया गया है जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। दूसरा पद कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसरण में हाल ही में बनाया गया है।
22	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	3	23.04.2008, 08.01.2010, 08.02.2010
23	नगालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड	0	
24	हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड		
25	हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड		
26	एचएमटी (बेयरिंग्स) लिमिटेड		
27	एचएमटी (चिनार वाचिज) लिमिटेड		
28	एचएमटी (वाचिज) लिमिटेड		
29	तुंगभद्रा स्टील प्रॉडक्ट्स लिमिटेड		
30	टायर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड		
31	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड		
	योग	38	

****